मूल्य 1 रु.
वर्ष: 12 - अंक : 234, मुंबई, सोमवार, 31 अक्टूबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर


॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू · बदाम बर्फी
काजू कतली · मलाई पेड़े
काजू रोल · रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.



# गुजरात में ब्रिज टूटा

## 125 से ज्यादा लोगों की मौत

### 70 से ज्यादा घायल, बीजेपी सांसद की फैमिली के 12 लोगों की जान गई

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**गांधीनगर।** गुजरात के मोरबी में रविवार शाम करीब 6.30 बजे केबल सस्पेंशन ब्रिज टूटने से करीब 400 लोग मच्छु नदी में गिर गए। हादसे में 125 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इनके शव मोरबी के सिविल हॉस्पिटल में पहुंचा दिए गए हैं। मरने वालों में 50 से ज्यादा बच्चे और महिलाएं हैं। 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 100 लोगों की तलाश अभी भी जारी है। पीएम नरेंद्र मोदी इस समय केवड़िया में हैं, बताया जा रहा है कि वे भी मोरबी जाएंगे। हादसे में राजकोट के भाजपा सांसद मोहन कुंदरिया की फैमिली के 12 लोगों की जान चली गई। (शेष पृष्ठ 6 पर)



### पीएम मोदी ने सीएम पटेल से जानकारी ली

हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। उन्होंने सीएम भूपेंद्र पटेल से घटना की जानकारी ली और मृतकों के आश्रितों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम पटेल ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है। पटेल ने भी मृतकों के आश्रितों को 4 लाख और घायलों को 50 हजार देने की घोषणा की।

### ब्रिज पर क्षमता से ज्यादा लोग, यही हादसे की वजह

# मुंबई की अदालतों में पेंडिंग केसेस की भरमार

## 10-10 सालों से शुरू नहीं हुई सुनवाई



**मुंबई।** मुंबई में अदालतों पर काम का बोझ इतना ज्यादा है कि दस-दस सालों से कुछ केसेस खुले तक नहीं हैं। कुछ मुलजिमों ने तो मुजरिम बनने से पहले ही मिलने वाली सजा से ज्यादा वक्त कैद में बिता दिया है। अब ऐसे कैदी तो यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें अदालत भले ही दोषी करार दे, लेकिन फैसला बहाल करे। इस समस्या को लेकर एक रिपोर्ट छपी है, जो मुंबई में अदालतों के हालात को लेकर दिमाग झनझना देने वाली है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि एक अदालत ने तो कहा है कि उसके पास 72 से ज्यादा केसेस हैं, जिनके 255 से ज्यादा आरोपी जेल में हैं।

(शेष पृष्ठ 6 पर)

# साइबर सेल ने महात्मा फुले विश्वविद्यालय के छात्र को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल ने महात्मा फुले विश्वविद्यालय, राहुरी के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। छात्र पर आरोप है कि उसने ट्विटर हैंडल का उपयोग करके सीएम और डिप्टी सीएम और कुछ महिला पत्रकारों सहित संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट किए। महाराष्ट्र साइबर सेल के एसपी संजय शिंत्रे ने इसके बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। इस मामले में अभी जांच की जा रही है। (शेष पृष्ठ 6 पर)


दैनिक मुंबई हलचल

**जरूरी सूचना**

सभी को सुचित किया जाता है कि अगर दै. मुंबई हलचल के नाम पर कोई व्यक्ति संवाददाता बता कर आपसे कोई भी गलत व्यवहार करता है तो आप तुरंत अपने स्थनीय पुलिस स्टेशन में जाकर उस व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये, अगर आप उस व्यक्ति से कोई लेन-देन करते हैं तो उसका जिम्मेदार आप खुद होंगे.

धन्यवाद...संपादक

आप दै. मुंबई हलचल के कार्यालय में नीचे दिये गये नंबर पर संपर्क कर सकते हैं
9820961360


# महाराष्ट्र: 1 नवंबर से होने वाली 15000 पुलिसकर्मियों की भर्ती रुकी

## हफ्ते भर बाद होगा नया नोटिफिकेशन जारी

**मुंबई।** नवंबर में होने वाली 14956 पुलिसकर्मियों की भर्ती पर रोक लगा दी गई है। महाराष्ट्र सरकार इस मामले में नए सिरे से विज्ञापन जारी करेगी।अब पुलिस भर्ती को लेकर फैसला एक हफ्ते बाद होगा। प्रशासनिक कारणों से फिलहाल यह प्रक्रिया स्थगित की गई है। 1 नवंबर से भर्ती प्रक्रिया की शुरूआत होने वाली थी। राज्य करीब पंद्रह हजार पदों के लिए भर्ती शुरू होने वाली थी। इसे तत्काल के लिए स्ठगित किया गया है। ऐसे में अब एसआरपीएफ पुलिस कॉन्स्टेबल के लिए भर्ती प्रकिया की पूरी डिटेल एक हफ्ते बाद ही दी जाएगी। (शेष पृष्ठ 6 पर)




### कितने पदों की भर्ती होने वाली?

फिलहाल जो नोटिफिकेशन जारी किया गया था, उसके तहत मुंबई में 6740, ठाणे में 521, पुणे शहरी भाग में- 720 और पिंपरी चिंचवड़ में 216 पदों के लिए भर्ती की जानी है। इसी तरह मीरा-भायंदर के लिए 986 सीटों, नागपुर शहर के लिए 308 सीटों, नवी मुंबई के लिए 204 सीटों और अमरावती के लिए 20 सीटों पर भर्ती होने वाली है। मुंबई रेलवे पुलिस में भर्ती की बात करें तो यहां 620 सीटों, ठाणे ग्रामीण में 68 सीटों, रायगढ़ में 272 सीटों और पालघर में 211 सीटों के लिए बहाली होनी है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### सूर्य की मुस्कान

**हम** हमेशा से तपते हुए सूर्य के गवाह रहे हैं और यह हमारी कल्पना से परे है कि सूर्य कभी मुस्कराते भी होंगे! सूर्य सामान्य रूप से अग्नि विस्फोट और अग्निवर्षा करते रहते हैं, लेकिन निरंतर अग्निवर्षा करने वाला कोई ग्रह अगर थोड़ी देर के लिए भी सुस्ताने लगे, तो ब्रह्मांड में आफत आ जाएगी। आमतौर पर सूर्य पर विस्फोटों की अधिकता की वजह से उसकी डरावनी तस्वीरें आती रहती हैं। ऐसा पहली बार हुआ है,जब अमेरिकी अंतरिक्ष विज्ञान संस्था नासा ने सूर्य का एक ऐसा फोटो जारी किया है, जिसमें मुस्कराहट दिख रही है। इंसानों को चूंकि खुशी सर्वाधिक आकर्षित करती है, इसलिए पूरी दुनिया में सूर्य की ताजा खुशनुमा तस्वीर चर्चा में आ गई है। वैसे यह घटना ठीक वैसी ही है, जैसे हम अक्सर बादलों को किसी न किसी आकृति या स्वरूप में देखते हैं और चकित हो जाते हैं। यह महज संयोग है कि सूर्य पर उठने वाले तूफानों ने अग्निवर्षा के बीच स्याह क्षेत्र बना दिए हैं। ये स्याह क्षेत्र आंखें और मुंह की तरह दिख रहे हैं। यहां यह जानना भी रोचक है कि पश्चिमी देशों में इन दिनों पितरों, संतों को याद करने का तीन दिवसीय विशेष त्योहार चल रहा है, जिसे हेलोवीन कहते हैं। हेलोवीन के समय कद्दू पर मानव मुखाकृति बनाकर सजाया जाता है। लोग डरावने या संत लबादे में घूमते हैं, ताकि पितरों से जुड़ाव महसूस कर सकें, अपनी-अपनी संस्कृति है, तो अपने-अपने दृश्य व उत्सव भी हैं। इसी उत्सव में सूर्य की ताजा ह्यस्माइलीह्न या मुस्कराती तस्वीर भी शामिल हो गई है, इसे हेलोवीन वाले कद्दू की शक्ल में देखा जा रहा है। वैसे तो नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने सूरज को मुस्कराते हुए दस दिन पहले ही पकड़ा था, लेकिन अब इसे पूरी दुनिया देख रही है। यहां यह जानना रोचक है कि नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी एक अभियान है, जिसका उद्देश्य यह जांचना है कि सौर गतिविधि कैसे चलती है और अंतरिक्ष के मौसम को कैसे संचालित करती है। पहली बार इसे 11 फरवरी 2010 को लॉन्च किया गया था। वेधशाला का यह विशेष अभियान सूर्य के आंतरिक, वायुमंडल, चुंबकीय क्षेत्र और ऊर्जा उत्पादन को भी मापता रहता है। नई तस्वीर नासा के लिए बहुत विचित्र बात नहीं है, लेकिन इससे सूर्य के प्रति वैज्ञानिकों का आकर्षण और बढ़ेगा। जिन लोगों ने सूर्य को मुस्कराते हुए देखा है, वह सूर्य से आगे भी ऐसी ही उम्मीद करेंगे। वैसे यह भी दर्ज करने लायक बात है कि सूर्य अभी भी एक हद तक रहस्य बना हुआ है। सूर्य की पहली तस्वीर लगभग 176 साल पहले 1845 में फ्रांसीसी भौतिकविदों लुई फिजौ (1819-1896) और लायन फौकॉल्ट (1819-1868) ने उतारी थी। वह फोटोग्राफी का शुरूआती दौर था, पांच इंच की श्वेत-श्याम छवि ने कुछ 'सनस्पॉट' दर्ज किए थे। सूर्य पर दाग को पहली तस्वीर ने भी पकड़ लिया था। बर्कोव्स्की ने बाद में 28 जुलाई, 1851 को पहली बार सूर्य ग्रहण की तस्वीर खींची थी। कोई शक नहीं कि खगोलीय तस्वीरों ने एक लंबा सफर तय किया है। इसके बावजूद दुनिया में आम लोगों को ज्यादा बेहतर तस्वीरों का इंतजार है। ग्रहों को निकट से देखकर जानने की इच्छा लगातार बढ़ती जा रही है। नासा और दूसरे तमाम अंतरिक्ष विज्ञान केंद्रों को मिलकर इस दिशा में काम करना चाहिए। स्वार्थ और परस्पर छोटी-छोटी लड़ाइयों की वजह से अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में जो विकास चल रहा है, उसमें सूर्य की तस्वीरों से तेजी आएगी।

# हिंदू राष्ट्र के घोषणापत्र का अब केजरीवाल का वक्त!

**ुसलमानों के बच्चे पैदा करने की संख्या कम कराने के नियम-कायदे बनेंगे! जाहिर है हिंदू राजनीति में ऐसे आइडिया कम नहीं हैं। इसलिए केजरीवाल को मौका नहीं चूकना चाहिए। उन्हें जब गुजरात के हिंदू सुनते हुए हैं तो वे क्यों मौका चूकें। केवल करेंसी पर लक्ष्मी-गणेश की फोटो की मांग पर ही नहीं अटकें, बल्कि दिल-दिमाग को छू लेने वाला घोषणापत्र बना कर नए हिंदू मसीहा बनने का घोषणापत्र भी बना डालना चाहिए।**



**अरविंद केजरीवाल** ने भूमिका बना ली है। हिंदुत्व की प्रयोगशाला में उनकी फसल पक रही है। 22 साल से नरेंद्र मोदी ने गुजरातियों की बुद्धि में हिंदू राजनीति की जो फसल काटी उस पर अब केजरीवाल का दावा बन रहा है। बस, इतनी भर कमी है जो केजरीवाल ने गुजरात की बजाय दिल्ली में हिंदुत्व की ब्रांडिंग की। रुपए पर लक्ष्मी-गणेश की फोटो से खुशहाली आने की बात कह कर उन्होंने व्यर्थ हिंदू वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के रुपया कमजोर नहीं, बल्कि डॉलर मजबूत वाले अर्थशास्त्र को चुनौती दी। अपने को ज्यादा बड़ा ज्ञानी हिंदू अर्थशास्त्री बताया। यह सब उन्हें अहमदाबाद में करना था। दिवाली की पूजा से हुए अपने इलहाम को गुजरात के लक्ष्मी भक्तों से शेयर करते।

कुल मिलाकर केजरीवाल ने संघ और भाजपा का यह बीज तत्व जाना है कि गुजरात से ही हिंदू मनोदशा की खुराक बनती है। गुजरात के गांधी से ही देश भर के हिंदू साबरमती के संत के भक्त बने। गुजरात के प्रयोगों से ही नरेंद्र मोदी हिंदू हृदय सम्राट हुए। वे भक्तों के एकेश्वर देवता बनने की परमानंद अवस्था में हैं। सो, आश्चर्य नहीं जो गांधी बाबा, मोदी राजा के प्रयोगों की मसीहा दास्तां पर अरविंद केजरीवाल भी हिंदू राजनीति के नए बीज मंत्र सोच रहे हैं। आखिर वे भी बनिया हैं। उनकी भी आंखें आम आदमी की बदहाली से छलछला जाती हैं। तभी गांधी की पोशाक और उनके चरखे, मोदी के श्रृंगार और उनके चश्मे के साथ केजरीवाल की पोशाक और झाडू की मैसेजिंग के भाव बूझे हैं बेचारा हिंदू वैष्णव जन श्रद्धा से क्यों न माने नई पीढ़ी का नया हिंदू मसीहा! तभी मेरा मानना है केजरीवाल मौका नहीं चूकेंगे। चूकना भी नहीं चाहिए। सवाल है वे आगे और क्या करें? क्या मैं जवाब बताऊं? मुझे लगता है बताना चाहिए। क्यों? इसलिए कि गांधी-नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी के प्रति हिंदू आस्था के 75 साला अनुभवों को जानने-समझने के बाद मेरी हिंदू बुद्धि को ले कर कुछ ठोस मान्यताएं बनी हैं। उनके चलते मेरा सोचना है कि हिंदुओं को केजरीवाल का भी अनुभव ले लेना चाहिए। अनुभव किस बात का? हिंदू राजनीति की बुद्धि का! इसलिए क्यों नहीं केजरीवाल गुजरात 2022 के चुनाव से, सोमनाथ मंदिर के प्रांगण में हिंदू राष्ट्र का शंख बजाते हैं? वे गुजरातियों के आगे कसम खाएं, अपना घोषणापत्र जारी करें और वादा करें कि मैं 2022 में गुजरात को देश का पहला हिंदू प्रदेश बनाऊंगा। इसके बाद मेरी पार्टी सन 2024 का चुनाव भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए लड़ेगी! कल्पना करें केजरीवाल ने यदि ऐसा संकल्प लिया, हिंदू प्रदेश व हिंदू राष्ट्र का घोषणापत्र जारी किया तो गुजरातियों में जोश का कैसा ज्वार उमड़ेगा? उसका नतीजा क्या होगा? नरेंद्र मोदी व अमित शाह के तोते उड़ जाएंगे। आरएसएस और संघ को अपने अघोषित स्वंयसेवक से तब वह प्रेरणा मिलेगी कि उसका बनारस का कार्यकर्ता और प्रचारक भी 2024 में चाहने लगेगा कि मोदीजी नहीं, बल्कि केजरीवाल वाराणसी से चुनाव लड़ें।

ऐसा क्या घोषणापत्र बन सकता है? क्या अर्थ है गुजरात को भारत के सर्वप्रथम हिंदू प्रदेश बनाने का? तो केजरीवाल और उनकी पार्टी को मेरे ये सुझाव हैं- पहली बात वे घोषित करें कि उनकी पार्टी जीती तो गुजरात स्टेट का सिंबल बौद्ध राजा के अशोक स्तंभ के शेर की जगह सोमनाथ मंदिर होगा। स्टेट का झंडा भगवा घोषित होगा। 'जय, जय गरवी गुजरात' नहीं, बल्कि 'जय लक्ष्मी माता' स्टेट गान होगा ताकि गुजरातियों में लक्ष्मीजी की कृपा और बरसे। 'ग्रेटर फ्लेमिंगो' की बजाय आप पार्टी की सरकार हंस को प्रदेश का पक्षी घोषित करेगी। स्टेट का फूल गेंदा की बजाय कमल का फूल होगा। स्टेट पशु एशियाटिक लॉयन नहीं, बल्कि गौमाता घोषित होंगी। गांधीनगर का सचिवालय भगवा रंग में रंगा होगा। दफ्तरों में सरकारी कर्मचारी रामनामी का गमछा पहने काम करेंगे ताकि रामजी के ध्यान में भ्रष्टाचार नहीं करें। गुजरात प्रदेश का राजकीय रंग भगवा घोषित होगा। स्टेडियम का नाम मोदी स्टेडियम नहीं, बल्कि हनुमान स्टेडियम होगा। हर गुजराती परिवार को हिंदू-ग्रंथों-कथाओं-आरतियों का कलेक्शन मिलेगा। हर महिला को प्रतिमाह पूजा का सामान दिया जाएगा। हर परिवार को सरकार एक-एक गाय बांटेगी जो सामूहिक गौशाला में रहेगी लेकिन उसका दूध प्रतिदिन परिवार को मिलेगा। मुरारी बापू, बाबा रामदेव आदि स्टेट संत घोषित होंगे। इन स्टेट संतों के साथ सप्ताह में एक दिन आप पार्टी का मुख्यमंत्री और कैबिनेट बैठक करके उनके परामर्श से हिंदू धमार्नुसार निर्णय लेंगे। हर व्यापारी-कारोबारी को लक्ष्मीजी-गणेशजी के वे फोटो, वे मूर्तियां मिलेंगी जो पंडितों की प्राण प्रतिष्ठा से दिव्यता पाए हुए होंगी! आदि, आदि। क्या ऐसे संकल्प हनुमानभक्त अरविंद केजरीवाल को घोषणापत्र में नहीं लेने चाहिए? जान लें यदि केजरीवाल ने गुजरात स्टेट का ऐसा हिंदूकरण किया तो सन 2024 में उत्तर भारत में अपने आप उनका यह कहा सच्चा लगेगा कि वे ही अकेले असली हिंदू कर्मयोगी, सच्चे हनुमानभक्त। आखिर नरेंद्र मोदी 22 सालों में गुजरात को अब तक हिंदू स्टेट नहीं बना पाए तो केजरीवाल क्यों नहीं भक्त हिंदुओं से आह्वान करें कि मुझे मौका दो, मेरी सरकार कैबिनेट की पहली बैठक में गुजरात को हिंदू प्रदेश बनाएगी। हिंदुओं ने केंद्र में सरकार बनवाई तो पहला फैसला भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने का होगा। गौहत्या पर पाबंदी का अखिल भारतीय कानून बनेगा। मुसलमानों के बच्चे पैदा करने की संख्या कम कराने के नियम-कायदे बनेंगे!

जाहिर है हिंदू राजनीति में ऐसे आइडिया कम नहीं हैं। इसलिए केजरीवाल को मौका नहीं चूकना चाहिए। उन्हें जब गुजरात के हिंदू सुनते हुए हैं तो वे क्यों मौका चूकें। केवल करेंसी पर लक्ष्मी-गणेश की फोटो की मांग पर ही नहीं अटकें, बल्कि दिल-दिमाग को छू लेने वाला घोषणापत्र बना कर नए हिंदू मसीहा बनने का घोषणापत्र भी बना डालना चाहिए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मिल बांटकर किया जा रहा है अवैध बिल्डिंग का काम

# बिल्डर हसन खान और इसके पार्टनर सय्यद जफर खान के अवैध निर्माण में सबका हिस्सा?


बिल्डर हसन खान


बिल्डर सय्यद जफर







**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** आखिर मुंब्रा शिलफाटा कौसा के पास खान कम्पाउंड में अवैध निर्माण पर कब दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) करेगी तोड़क कार्रवाई? अब सवाल यह उठता है कि क्या अवैध निर्माणकर्ताओं के साथ दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) भी मिली हुई है? दै. मुंबई हलचल जल्द ही खोलेगा बिल्डर हसन खान और इसके पार्टनर सय्यद जफर खान के सभी झोल का पोल साथ ही अवैध निर्माण कराने वाले अधिकारी भी नपेंगे! बता दें कि दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) द्वारा बिल्डर हसन खान और इसका पार्टनर सय्यद जफर खान के अवैध निर्माणों पर कार्रवाई न करना सवालों के घेरे में फंसती नजर आ रही है।

दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) ने दै. मुंबई हलचल को आश्वासन दिया था कि जल्द ही मुंब्रा शिलफाटा कौसा के पास खान कम्पाउंड में हो रहे अवैध निर्माणों पर हम कार्रवाई करेंगे, लेकिन अब दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) दीपावली का बहाना बना कर खान कम्पाउंड के अवैध निर्माणों पर कार्रवाई करने से टालमटोल कर रही है। आपको बता दें कि दै. मुंबई हलचल में लगातार खबर प्रकाशित होने के बावजूद अभी तक दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) ने कोई कार्रवाई नही की है, न ही अभी तक बिल्डर हसन खान और इसका पार्टनर सय्यद जफर खान को कोई नोटिस जारी की है। बता दें कि अगर दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) अवैध निर्माणों पर नोटिस जारी करके तोड़क कार्रवाई नहीं करेगी तो जल्द ही दै. मुंबई हलचल की टीम दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) के रिश्वतखोर अधिकारियों को छोड़ेगा नहीं, दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) के जितने भी भ्रष्ट रिश्वतखोर अधिकारी हैं सभी को पार्टी बनाकर कोर्ट में खींचा जायेगा और जितने भी अवैध बिल्डर हैं सभी पर कोर्ट से कार्रवाई की जायेगी, साथ ही मुंब्रा शिलफाटा कौसा के पास खान कम्पाउंड में जितने भी अवैध निर्माण हुआ है सभी को ध्वस्त किया जायेगा।

आपको बता दें कि शिलफाटा कौसा के पास खान कम्पाउंड में बेखौफ धड़ल्ले से किया जा रहा है अवैध निर्माण कार्य का बांधकाम। बिल्डर हसन खान और इसका पार्टनर सय्यद जफर बिल्डर ये दोनों पहले से ही यहां पर अवैध बिल्डिंग का निर्माण करते आ रहे हैं, और अवैध बिल्डिंग होने की वजह से जनता को बाद में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।












हसन खान बिल्डर और इसका पार्टनर जफर बिल्डर से जब जनता अपने परेशनियों के बारे में बात करने की कोशिश करता है तो ये दोनों गुंडागर्दी पर उतारू हो जाते हैं, जिसके बाद जनता इनके डर और खौफ से खामोश बैठ जाती है, हसन बिल्डर और इसका पार्टनर जफर बिल्डर ये दोनों अपने गुंडागर्दी के दम पर बेखौफ अवैध निर्माण करते हैं। सवाल यह है कि जब दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) के अंतर्गत अवैध तरीके से बिल्डिंगों का निर्माण करके बेचा जाता है तो दिवा प्रभाग समिती (टीएमसी) के अधिकारी क्यों नहीं कार्रवाई करते हैं, या फिर अपने आंखों पर रिश्वत की पट्टी बांध कर चैन की नींद सोते हैं। हसन बिल्डर और इसका पार्टनर जफर बिल्डर जैसे लोगों पर एमआरटीपी के तहत कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, और अगर अवैध बिल्डिंगों पर बनने से पहले ही कार्रवाई करके डेमोलेशन कर दिया जायेगा तो आम गरीब जनता का पैसा डूबने से बच जायेगा।

समाचार
मुंबई, सोमवार, 31 अक्टूबर, 2022



# मृतक खजांची पटेल को गुजरात के व्यवसायी से सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने रू. 09 लाख की राहत राशि दिलाई

**प्रयागराज।** सांसद मीडिया प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि 02 वर्षों के निरन्तर प्रयास के उपरान्त स्वयं गुजरात (अहमदाबाद) पहुँचकर वहाँ की कम्पनी धर्मा इण्टरप्राइजेज में कार्यरत मृतक खजांची पटेल जिसकी करेन्ट लगने से मृत्यु हुई गई थी, की पत्नी सुषमा देवी को रू. 09 लाख की राहत राशि दिलवाई। वर्ष 2020 में 32 वर्षीय खजांची धर्मा इण्टरप्राइजेज कम्पनी गुजरात में कार्यरत था। एक दिन कम्पनी में कार्य करते हुए करेन्ट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा जोशी ने पुलिस कमिश्नर व कम्पनी के मालिक से फोन पर वार्ता कर मृतक खजांची के परिवार के लिए मुआवजा निर्धारण करवाया। कम्पनी द्वारा उसकी पत्नी सुषमा देवी को पोस्ट डेटेट चेक भी दिए थे परन्तु वे सब बाउंस हो गए और उन्होंने प्रतिनिधि भेजा तो भी बात नही बनी। आखिरकार सांसद प्रो0 रीता बहुगुणा



जोशी ने श्री अमित शाह, गृहमंत्री जी के संसदीय क्षेत्र में स्थित कम्पनी से मुआवजे के लिए अपील की ओर उन्होंने तत्काल मुख्य सचिव गुजरात को मामला संदर्भित कर दिया। सांसद प्रो0 रीता जोशी ने स्वयं अहमदाबाद गई तथा पुलिस कमिश्नर, श्रमायुक्त तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में धर्मा इण्टरप्राइजेज कम्पनी के मालिक से समझौता सम्पन्न कराया जिसके अनुसार मृतक खजांची की पत्नी सुषमा देवी को 09 लाख राहत राशि देना सुनिश्चित हुआ। जो गांव राजपुर कोरॉव प्रयागराज के निवासी है। आज दिनॉंक 29.10.2022 को सांसद प्रो0 जोशी द्वारा मृतक खजांची की पत्नी सुषमा देवी को 09 लाख का चेक दिया गया एवं मृतक के पिता मदन पटेल एवं परिवारजन सांसद द्वारा सहायता राशि दिलाने के लिउ अथक प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के लोगों ने सांसद द्वार किए गए सराहनीय प्रयास के लिए सांसद की सराहना किया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में सांसद द्वारा एक सामान्य परिवार के लिए व्यक्तिगत प्रयास के लिए प्रशंसा किया। एक जनप्रतिनिधि द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र के सामान्य गरीब परिवार के लिए ऐसा प्रयाय बहुत कम ही देखने को मिलता है।

# मधुबनी जिला के तमाम शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने की नाराजगी

**मधुबनी।** दीपावली और लोक आस्था का महान पर्व छठ पर भी मधुबनी जिले में कार्यरत नियमित शिक्षको का भुगतान माह जुलाई से लंबित है साथ ही नियोजित शिक्षकों का भी भुगतान भी बिगत 3 माह से लंबित है जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी के लापरवाही मनमानी के कारण ऐसा हुआ है जबकि सरकार का आदेश शिक्षको को हर हाल में २० नवंबर तक भुगतान करने का था सरकार के आदेश को भी जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी अवहेलना कर जिले के शिक्षकों को पर्व दीपावली छठ मानने से वंचित कर दिया। जिससे शिक्षको मेकाफी आक्रोश है। जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी मनगढ़ंत कहानी बना कर कि एचआरएमएस काम नही कर रहा है जिसके कारण भुगतान नहीं



हो पाया बकबास और झूठ है बिहार प्रदेश के सभी जिलों में भुगतान हो रहा है ललफिता शाही शिक्षा विभाग में चरम पर है इसका नतीजा भुगतान नहीं होना है। बलराम पासवान अनुमंडल उपाध्यक्ष शिक्षक संघ मधुबनी ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए जिला पदाधिकारी मधुबनी से अनुरोध किया है कि जिले के शिक्षकों का वेतन और अंतर राशि का भुगतान करवाने की दिशा में पहल की जाय शिक्षक नेता कपिल कुमार ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी स्थापना कार्यालय में उचित समय नहीं देते है जिसके कारण भुगतान में बिलंब होता है एक सप्ताह के अंदर यदि शिक्षको को भुगतान नहीं हुआ तो शिक्षक संघ आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएगा।




दैनिक मुंबई हलचल

## जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

# जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार वसीम अकरम कुरैशी श्रेष्ठ संपादन पर सम्मानित किए गए

## कैबिनेट मंत्री डॉ. महेश जोशी एवं आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रदान किया अवार्ड

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार वसीम अकरम कुरैशी को श्रेष्ठ संपादन के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान राजस्थान विधानसभा में सरकारी मुख्य सचेतक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. महेश जोशी, राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ व अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से प्रदान किया। पिंक सिटी प्रेस क्लब कमेटी की ओर से वसीम अकरम कुरैशी को श्रेष्ठ संपादन के लिए नामित किया तथा संपादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड पिंक सिटी प्रेस क्लब के पांच दिवसीय स्थापना दिवस



समारोह के समापन समारोह में प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव रघुवीर जांगिड़, कोषाध्यक्ष राहुल गौतम, कार्यकारिणी के सदस्य तथा वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया जगत से जुड़े कई साथी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि वसीम अकरम कुरैशी वर्तमान में पंजाब केसरी जयपुर में वरिष्ठ उप संपादक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और यह गत 34 वर्षों से विभिन्न लीडिंग समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं देते आए हैं। उक्त जानकारी जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक मोहम्मद अजहरुद्दीन ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# सुलवाड़ा में बाबा रामदेव भजन संध्या का आयोजन किया गया, कई श्रद्धालूओं ने लुत्फ उठाया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**



**राजस्थान।** भील समाज की ओर से भाईदूज पर श्री बाबा रामदेव जी महाराज की रात्रि भजन संध्या का आयोजन बुधवार रात्रि में बराना ग्राम पंचायत के सुलवाड़ा ग्राम में किया गया। रात्रि भजन संध्या कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णु कुमार पारीक प्रबंधक मेंबर ऑफ महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय उदयपुर एवं अध्यक्षता धमीचंद भील प्रदेश युवा अध्यक्ष राजस्थान भील समाज विकास समिति ने की। विशिष्ट अतिथि सांवर लाल भील जिला अध्यक्ष, शिक्षाविद् निर्दोष जोशी, विनोद पारीक, हरफूल जाट के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर नारायण लाल भील जिलाध्यक्ष आरक्षण संघर्ष समिति, सुरेश चंद्र भील जिला महामंत्री, पंचायत समिति सदस्य गिरधारी लाल भील, युवा अध्यक्ष घासीलाल भील, जिला युवा सचिव मांगीलाल भील करेड़ा, पूर्व पार्षद श्रवण लाल भील, युवा कार्यकर्ता प्रभू लाल भील, तेजराज भील, ललित कुमार भील, नारायण लाल भील, सम्पत लाल भील, कैलाश चंद्र भील, ईश्वर लाल भील, जगदीश चंद्र भील, रायमल भील, चांदमल भील , देवकरण भील, सोनू भील, अर्जुन लाल भील, बालूराम भील, देवराज भील सहित कई युवा कार्यकर्ता एवं महिला-पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।कार्यक्रम में सभी अतिथियों का साफा, माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। रात्रि भजन संध्या में सन्तों का सम्मान किया। कार्यक्रम में बद्री महाराज, सूरदास गणेश महाराज, भैरू महाराज, नगजी महाराज, धमीचंद महाराज, राजू महाराज सहित आदि सन्तों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने डांस किया। जिसमें सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या का कार्यक्रम भोर तक चला। महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजक जगदीश चंद्र भील ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उक्त जानकारी ईश्वर भील ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# कौम नागौरी तेलियान बीकानेर का 11वां सामुहिक शादी सम्मेलन सम्पन्न

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**


**बीकानेर।** कौम नागौरी तेलियान बीकानेर का सामुहिक शादी सम्मेलन रविवार को हसनैन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट, गजनेर रोड़ में खूब बहुत ही सादगीपूर्ण और गरिमामयी रूप में सम्पन्न हुआ।इस सम्मेलन में लगभग 50 जोड़ों ने निकाह कबूल कर अपनी जिंदगी के नए सुहाने सफर का आगाज किया। देश के कोने कोने से समाज के लोगों के अलावा बीकानेर से लगभग सभी समुदाय से तशरीफ लाये लोगों ने दूल्हा दुल्हनों को आशीर्वाद दिया। राजस्थान सरकार में केबिनेट मंत्री श्री बुलाकिदास कल्ला,केन्द्र सरकार में मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल, संभागीय आयुक्त नीरज के पवन, पूर्व उपमहापौर हाजी मकसूद अहमद, पूर्व कलेक्टर झुंझनु जनाब यू डी खान, ए एच गौरी साहब ऑल इंडिया तेली महापंचायत के अध्यक्ष जनाब शफी देहलवी साहब, पूर्व राज्यमंत्री अशरफ अली खिलजी आदि महानुभावों ने शादी मे शिरकत कर दुल्हा दुल्हन को आशीर्वाद दिया और बेहद कामयाब सम्मेलन करवाने के लिये कमेटी की भूरी भूरी प्रशंशा की। नवाचार के तौर पर आज सामुहिक विवाह सम्मेलन में बीकानेर नागौरी तेली बिरादरी की डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, पीएचडी, सीए,




एमफिल व विभिन्न परीक्षाओं में 90%से ऊपर अंक पाने वाली बेटियो के फोटोज के साथ हमारी बेटियां हमारा गौरव नाम से बेनर भी लगाया गया ताकि2समाज की सभी बच्चियों में उच्च शिक्षा की अलख जगे। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी इस अवसर पर बधाई संदेश भेजकर कमेटी व नए जोड़ों को बधाई प्रेषित की। इंतेजामिया कमेटी के सैयद अनवर अली एडवोकेट, नेताजी अब्दुल मजीद खोखर, पूर्व उपमहापौर हाजी हारून राठौड़, सैयद अब्दुल हमीद, हाजी मोहम्मद हसन, सैयद महमूद अली, अब्दुल रऊफ राठौड़, सिकन्दर राठौड़, अजीज राठौड़, सैयद इशाक एडवोकेट, साबिर बाबूजी, अब्दुल कय्यूम खिलजी,सलीम हाजी, मोहम्मद वसीम, महबूब राठौड़, अजीज जैदी,



अब्दुल, कदीर गौरी, अजहर अली, रिजवान खान, अल्फाज खोखर, शाहिद राठौड़, हाफिज सैय्यद महबूब अली, अजीज खिलजी, शमद खिलजी, हारून खिलजी, आरिफ खिलजी, महफूज गोरी, असलम गोरी नोखा, सैय्यद जाकिर, अलताफ हुसैन, सकील, रिजवान खिलजी, सैयद अब्दुल रशीद, अब्दुल हमीद फलौदी,सैयद मुसद्दीक, एडवोकेट फरहान राठौड़, अहसान राठौड़, अब्दुल सलाम राठौड़, रजाक चलवां, सैयद गुफरान, इदरीस राठौड़, शौकत अली रूण, आदि ने आये हुए मेहमानों का स्वागत किया व बेहतरीन कार्य संपादित करने के लिये फलौदी से आये कार्यकर्ताओं और बीकानेर के बिरादरी कार्यकर्ताओं का दिल से शुक्रिया अदा किया।




# राजपूताना संघ द्वारा नाथद्वारा में संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा हैं



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** जय राजपूताना संघ परिवार द्वारा नाथद्वारा क्षत्रिय सभा भवन में युवाओ को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ,जय राजपुताना संघ परिवार द्वारा तीन दिवसीय संस्कार शिविर आयोजित किया जा रहा हैं।आयोजक समापन दिनांक 30 अक्टूबर दोपहर 2 बजे रखा गया हैं। राजपूताना संघ परिवार ने सभी से निवेदन किया हैं कि समापन निम्न रूप रेखा रहेगी, जिसमें सभी समाज के कर्णधार आमंत्रित हैं। उन्होंने निवेदन किया कि समाज के इस कार्यक्रम में सभी पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावें। दोपहर 1 बजे सभी के लिए भोजन व्यवस्था रखी गई है। 2 बजे क्षत्रिय सभा भवन से नाथद्वारा शहर, शौर्य यात्रा स्वरूप पथसंचलन का आयोजन किया जाएगा। प्रभु सिंह सिसौदिया ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि उक्त कार्यक्रम में पूर्णतया ड्रेस कोड, (सफेद धोती, कुर्ता, केसरिया साफा) रहेगा।

# कानपुर में छठ पूजा का तीसरा दिन : धूमधाम से मनाई गई डाला छठ



**मुंबई हलचल / सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** भोजपुरी समाज के चार दिवसीय महत्वपूर्ण पर्व छठ पूजा के तीसरे दिन आज रविवार को डाला छठ मनायी गई। जिसका पारण कल सोमवार को सुबह सूर्योदय को अर्घ के साथ किया जायेगा। कल शनिवार को लोगों ने खरना के तहत भी पूरा दिन निर्जला व्रत रखा था। इसमें शाम को एक समय केवल थोड़ा थोड़ा भोजन ही किया जाता है। अवगत कराते चलें कि चार दिवसीय छठ व्रत के पहले दिन शुक्रवार को व्रती महिलाओं ने नहाय-खाय के तहत पूरा दिन निर्जला व्रत रखा था। और शाम को स्नान के बाद पारम्परिक भोजन किया था। बीते शुक्रवार से शुरू हुए इस चार दिवसीय पर्व का समापन कल 31 अक्टूबर को सूर्योदय अर्घ्य के साथ होगा। व्रती महिलाओं के मुताबिक परंपरा के तहत कार्तिक मास शुक्ल पक्ष चतुर्थी को नहा-खा के बाद पंचमी को व्रती छोटी छठ मनायी जाती है। षष्ठी को ईटों से चूल्हा बनाकर आम की लकड़ी जलाकर देशी घी में धुले गेहूं के आटे से ठेकुआ बनाया जाता है।

# राजस्थान शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा (आजाद) के कई लोगों ने स्वास्थ्य लाभ की कामना की हैं

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**



**राजस्थान।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) समेत विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं ने शिक्षक , साहित्यकार एवं मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के पैर की बॉल के सफल ऑपरेशन और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की हैं। राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील)के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत ने बताया कि संगठन के पदाधिकारियों ने अपने संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के सफल ऑपरेशन की ईश्वर से प्रार्थना की है। बुलन्दी साहित्यिक संस्था संस्थापक विवेक बादल बाजपुरी ने भी अपनी संस्था के विभिन्न विभिन्न साहित्यकारों के साथ अपने मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। प्रेरणा हिन्दी प्रचारिणी सभा के संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने कहा कि प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरुदीन वर्मा आजाद के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा ने विगत दिनों उन्हें हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित किया है। प्रान्ति पब्लिकेशन ने भी अपने मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के पैर के सफल ऑपरेशनके लिए और सफल आपरेशन के बाद शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से प्रार्थना की है। इसके अलावा विभिन्न शिक्षक साथियों और साहित्यकारों ने भी शिक्षक एवं साहित्यकार गुरुदीन वर्मा के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# भिवंडी शहर की 4 मस्जिदों में चोर ने की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**भिवंडी।** देश में बढ़ती हुई बेरोजगारी को देखते हुए चोरों ने आजकल मंदिरों और मस्जिदों को अपना निशाना बनाते हुए चोरी जैसे संगीन वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया है आपको बताते चलें सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया था जिसने बताया गया था एक मंदिर में पहले चोर ने भगवान के हाथ जोड़े और फिर मंदिर की दान पेटी में हाथ साफ करके चंपत हो गया जिसका वीडियो दबाकर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ उसके बाद भिवंडी शहर की 4 मस्जिदों में जिसमें नाका मस्जिद, बंगाल पुरा मस्जिद, शेरे रजा मस्जिद, बंगार पट्टी नाका स्थित अवजित पाड़ा दारुलुम मस्जिद में चोर ने मस्जिद की दान पेटी से चोरी कर ली यह चोरी की घटना मस्जिद के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई इससे पहले भी मस्जिद में मोबाइल चोरी की घटना सामने आई थी और वह घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी आपको बताते चलें



जिस तरह से भिवंडी शहर की 4 मस्जिदों में चोर ने चोरी की है उससे कयास लगाया जा सकता है कि बेरोजगारी चरम सीमा तक पहुंच गई है कि चोरों द्वारा धार्मिक स्थलों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है और मस्जिदों में लोगों द्वारा चंदा जमा करके जो रकम जमा की जा रही थी जिससे मस्जिद का रखरखाव रखा जाता है उसे भी चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया तो हम भिवंडी पुलिस से निवेदन करते हैं इस मामले का पूरा संज्ञान ले और जल्द से जल्द इन चोरों को सलाखों के पीछे भेजें क्योंकि चोर धार्मिक स्थलों में चोरी करने से बाज नहीं आ रहा।

# चार युवकों द्वारा एक युवक को षड्यंत्र कर लूटा गया

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंब्रा।** गत 29 अक्टूबर शनिवार रात 12:30 बजे एक युवक को षड्यंत्र कर लूटने का मामला प्रकाश में आया है इस मामले में नाजिम वर्ष 19 रहवासी शिलफाटा ग्रीन पार्क का बताया जा रहा है यह युवक टायर की दुकान में काम करता है उससे मिली जानकारी के अनुसार मैं रात में अमृत नगर स्थित मैक्स शूज की दुकान में अपने सेठ को पैसा देने के लिए आया था और जैसी में दुकान से बाहर निकला एक युवक ने मुझसे कहा कि तूने मेरी आइटम के साथ में छेड़छाड़ की है और उससे तो फोन पर बात और मैसेज करता है फिर मैंने उस युवक से कहा कि मैं तुम्हारी आइटम को जानता तक नहीं हूं और मैं इस शहर में नया हूं फिर उस युवक ने कहा



पीड़ित नाजिम

तो मेरे साथ मेरी फुफि के घर पर चल वहां पर सारा निपटारा करेंगे फिर उसने मेरा मोबाइल चेक किया और मुझे अपने साथ मिथल ग्राउंड स्थित डी जेड सिटी के पास ले गया जहां पर तीन युवक पहले से ही मौजूद थे उन युवकों में से एक युवक ने चाकू दिखाकर मेरा मोबाइल और सात हजार रुपए छीन लिए फिर मैंने यह घटना की शिकायत मेरे मालिक से की मेरे मालिक ने तुरंत मुझे मुंब्रा पुलिस स्टेशन ले गया है और पुलिस द्वारा मेरी शिकायत पर 4 युवकों में से 3 युवकों को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया और एक युवक फरार हो गया युवकों के बारे में बताया जा रहा है कि युवक शादी महल परिसर स्थित ईशानगर के रहवासी हैं उनकी इस हरकत से साफ समझा जा सकता है कि वह नशे के आदी है और नशा पूरा करने के लिए लोगों से लूटपाट करने की वारदात को अंजाम दे रहे हैं फिलहाल जिस तरह से युवक के साथ षड्यंत्र रच कर लूटमारी की जा रही है उससे कयास लगाया जा सकता है किस तरह से कम उम्र के युवक अपना नशा का सेवन करने के लिए अपराध का रास्ता अपनाकर अपनी जिंदगी के साथ-साथ अपने परिवार का भी सर्वनाश कर रहे हो।

# सेंधमारी करने वाले 4 शातिर चोर गिरफ्तार, 13 मामलों का खुलासा

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**वसई।** वसई के वालीव पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन टीम ने सेंधमारी व चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 4,63,100 रुपये का माल जब्त कर व 13 चोरी के मामलो की गुत्थी सुलझाई है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वालिव थाना क्षेत्र में सेंधमारी एवं चोरी के आरोपियों की जांच की गयी, रिकॉर्ड पर आरोपित और अन्य (1) शमीम ऊर्फ राजा रमजान अन्सारी, (2).



बालकराम ऊर्फ मुन्ना रामकिशन विश्वकर्मा, (3) वलीऊल्ला शफीऊल्ला चौधरी (4) चाँद ऊर्फ हामीद शफीक अहमद रईन को क्राइम डिटेक्शन टीम के अधिकारी व कर्मचारियों ने हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की, यह पाया गया है कि उसने वालिव पुलिस स्टेशन और निर्मलनगर पुलिस स्टेशन, मुंबई में अपराध किए हैं।पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल, नगदी, कंपनी के लोहे-इस्पात के पुर्जे, सोने-चांदी के जेवर, वाहन की बैटरियां व पहिए, मोबाइल चोरी आदि कुल 4,63,100 रुपये का माल जप्त किया गया है। तथा 13 चोरी अपराधो की गुत्थी का खुलासा हुआ है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### गुजरात में ब्रिज टूटा

बता दें कि यह पुल पिछले 6 महीने से बंद था। हाल ही में करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से इसके मरम्मत का काम पूरा किया गया था। दिवाली के एक दिन बाद यानी 25 अक्टूबर को इसे आम लोगों के लिए खोला गया था। जिला प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर (02822243300) जारी किया है। इसके अलावा घायलों के इलाज के लिए मोरबी और राजकोट हॉस्पिटल में इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल घटनास्थल पर पहुंचे। ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। भास्कर को मोरबी के भाजपा सांसद मोहन कुंडारिया ने बताया कि ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन कई लोग झूले पर अटके रहे। इन्हें बाहर निकाला जा रहा है। सड़क एवं भवन विभाग मंत्री जगदीश पांचाल ने भास्कर से हुई बातचीत में कहा कि यह पुल नगर निगम के स्वामित्व में है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की है, लेकिन रविवार की छुट्टी होने के चलते हादसे के वक्त ब्रिज पर 400 से 500 लोग जमा थे। इसी के चलते ब्रिज बीच से टूट गया। मोरबी का यह सस्पेंशन ब्रिज 140 साल से भी ज्यादा पुराना है और इसकी लंबाई करीब 765 फीट है। यह सस्पेंशन ब्रिज गुजरात के मोरबी ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक धरोहर है। इस ब्रिज का उद्घाटन 20 फरवरी 1879 को मुंबई के गवर्नर रिचर्ड टेम्पल ने किया था। यह उस समय लगभग 3.5 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ था।

### महाराष्ट्र: 1 नवंबर से होने वाली 15000 पुलिसकर्मियों की भर्ती रुकी

यह भर्ती प्रक्रिया तत्काल के लिए रोकी गई है। इसे रद्द नहीं किया गया है। इसलिए जो विद्यार्थी इस भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए तैयारियां कर रहे हैं, उन्हें बेफिक्र होकर जारी रखें। महाराष्ट्र सरकार की ओर से विद्यार्थियों से यह अपील की गई है। अगले हफ्ते इस संबंध में नया नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। प्राप्त जानकारियों के मुताबिक प्रशासनिक कारणों से फिलहाल के लिए भर्ती प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। एक और खबर जो सामने आ रही है वो यह कि जब अगला नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा उसमें आयुसीमा में छूट की घोषणा की जा सकती है। यह ऐसे युवाओं के लिए बड़ी राहत की बात होगी जो उम्र सीमा के दायरे से बाहर हो चुके हैं। पिछले तीन सालों से भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई थी, इस दौरान कई ऐसे युवा हैं जिनकी उम्र तय सीमा को पार कर चुकी है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए यह राहत एक अवसर बन सकेगी।

### मुंबई की अदालतों में पेंडिंग केसेस की भरमार

इन पेंडिंग केसेस में कई ऐसे मल्टिपल केसेस हैं जिनका ट्रायल दस साल बाद अब शुरू होने जा रहा है। इन मामलों के आरोपियों ने सिर्फ इस आधार पर जमानत की गुहार लगाई है कि उनके केस की सुनवाई शुरू होने में देरी हो रही है। मुंबई के दो स्पेशल कोर्ट ने साफ तौर से यह बता दिया है कि उन पर कामों का बोझ हद से ज्यादा है। ये अदालतें गैरकानूनी कार्रवाइयों को रोकने के लिए बने कानूनों (Unlawful Activities Prevention Act-UAPA) के तहत सुनवाई करती हैं। लेकिन सुधार की दिशा में कोई कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा, इसका जवाब कोई नहीं दे रहा। मिसाल के तौर पर 2011 के मुंबई ट्रिपल ब्लास्ट केस को ही उठा लें। आरोपी ही नहीं, यहां तक कि महाराष्ट्र एंटी टेररिज्म स्क्वॉड तक ने आतंकी हमले के 11 साल गुजर जाने के बाद 11 आरोपियों के खिलाफ डे टू डे सुनवाई के लिए अगस्त में एक अर्जी देकर रखी है। 13 जुलाई,2011 को दादर के जवेरी बाजार और ओपेरा हाउस में तीन सीरियल ब्लास्ट में 27 लोग मरे थे और 100 घायल हुए थे।

### साइबर सेल ने महात्मा फुले विश्वविद्यालय के छात्र को किया गिरफ्तार

आरोपी को अदालत में पेश किया गया था, जहां अदालत ने उसे 2 नवंबर तक रिमांड पर भेज दिया है। महाराष्ट्र साइबर सेल के एसपी संजय शित्रे ने बताया कि साइबर सेल को बीते 14 अक्टूबर को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल कर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने संबंधी शिकायत मिली थी। जिसके बाद सेल ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। साइबर सेल द्वारा गिरफ्तार किया गया 29 वर्षीय आरोपी छात्र पीएचडी का स्टूडेंट है। उन्होंने यह भी बताया कि वह इस ट्विटर हैंडल का इस्तेमाल गाली-गलौज के लिए भी करता था। साथ ही वह कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए ह्व-ऋश्ढठ का प्रयोग करता था।



# सूखी खांसी के घरेलू इलाज

मौसम में बदलाव होने की वजह से सर्दी खांसी जैसी बीमारियां हमे जकड़ लेती हैं ऐसे में गले में चुभन, सूखापन, आंखों और छाती में दर्द होने जैसे लक्षण सामने आते हैं। सूखी खांसी तब होती है जब बलगम छाती और गले में सूख जाता है। इसके लिए कई लोग अंग्रेजी दवा का सहारा लेते हैं, अगर आप इसके बजाए कुछ घरेलू उपचार पर ध्यान देंगे तो यह इलाज आपके लिए काफी असरदार हो सकता है।

**1. शहद**
शहद में ऐसे एंजाइम होते हैं जो खांसी से राहत दिलाने में काफी मददगार साबित होते है, इसलिए दिन में तीन-चार बार एक चम्मच शहद का सेवन जरूर करें।

**2. गर्म पानी**
नमक मिले गर्म पानी से गरारा करने पर गले का दर्द और खांसी दूर हो जाती है। ऐसा करने से काफी आरामदायक महसूस होता है।

**3. काली मिर्च**
काली चाय के साथ काली मिर्च के दाने को मुंह में चबाने से या फिर पीस कर घी में भूनकर खाने से गले को काफी हद तक आराम मिलता है।

**4. हल्दी**
एक छोटा चम्मच हल्दी और एक छोटा चम्मच पिसी हुई काली मिर्च को पिस कर आधे कप पानी में उबालें और फिर इसे धीरे-धीरे करके चाय की तरह पिएं।

**5. लहसुन**
लहसुन भी गले की खांसी को तुरंत ठीक करने में काफी मददगार साबित होता है। दो-तीन लहसुन की कलियों को एक कप पानी में उबाल लें। जब पानी हल्का ठंडा हो जाए तब इमसें शहद को मिलाकर पिए।

**6. प्याज**
आधे चम्मच प्याज के रस में एक छोटा चम्मच शहद मिलाएं और इसे दिन में दो-तीन बार चाटे।

# पेट दर्द के साथ वजन कम करने में भी मददगार अजवाइन

**रसोई में बहुत से मसालों का इस्तेमाल किया जाता है। उन्हीं में से एक है अजवाइन। अजवाइन में पाए जाने वाले गुणों के कारण पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे बदहजमी, गैस और पेट में दर्द से आराम मिलता है लेकिन आप शायद यह नहीं जानते होंगे कि अजवाइन मोटापा कम करने में भी मददगार है। मोटापा दूर करने के लिए लोग ढेरों तरह के उपाय अपनाते हैं और वर्कआऊट भी करते हैं। इन मंहगे नुस्खों से भी अगर कोई फर्क नहीं दिखाई दे रहा तो आप सस्ता और अचूक उपाय अपना कर शरीर की अतिरिक्त चर्बी को कम कर सकते हैं वो भी एक चम्मच अजवाइन के सेवन से। आइए जाने इसके गुणों के बारे में और किस तरह सेवन करने से घटाया जा सकता है मोटापा।**

**- अपच से राहत**
1 चम्मच अजवाइन को चुटकी भर अदरक के पाऊडर के साथ खाने से अपच से राहत पाई जा सकती है। इससे पेट में एसिड़ नहीं बनता और खाना आसानी से पच जाता है। अजवाइन को छाछ के साथ पीने से भी अपच से राहत मिलती है।

**- दस्त**
दस्त से छुटकारा पाने के लिए अजवाइन कुदरती और असरदार उपाय है। दस्त लगने पर 1 गिलास पानी में 1 चम्मच अजवाइन डाल कर उबाल लें। इसे छानकर ठंडा होने दें और दिन में 2 बार पीने से आराम मिलेगा।



**- कब्ज**
अजवाइन सिर्फ दस्त लगने पर ही नहीं, कब्ज में भी असरदार है। सुबह पेट साफ नहीं हो रहा तो रोजाना 1 चम्मच अजवाइन को गुनगुने पानी के साथ लेने से कब्ज की परेशानी दूर हो जाती है।

**- मुंह की बदबू**
मुंह की बदबू से दूसरों के सामने शर्मिंदा होना पड़ रहा है तो आप अजवाइन के पाऊडर को पानी में मिलाकर कुल्ला करें। इससे कीटाणु भी मर जाएंगे और मुंह की बदबू से भी राहत मिलेगी।

**- पेट दर्द**
खान-पान में लापरवाही के कारण पेट में दर्द है तो अजवाइन को नमक के साथ मिलाकर गुनगुने पानी के साथ खाएं। इससे पेट दर्द ठीक हो जाता है।

**- गठिया**
जोड़ों के दर्द के लिए अजवाइन का तेल बहुत असरदार है। सर्दियों में अजवाइन के तेल से रोजाना मालिश करने से दर्द से राहत मिलती है।

**- मोटापा घटाएं**
मोटापा कम करने के लिए अजवाइन सस्ता और असरदार उपाय है। रात को 1 गिलास पानी में 1 चम्मच अजवाइन डालकर रख दें। सुबह इसे छान कर शहद मिलाकर रोजाना पीने से मोटापा कम होने लगता है। इसके साथ व्यायाम और पौष्टिक भोजन करना भी बहुत जरूरी है।

# बच्चा निगल जाए सिक्का या पेन तो इन टिप्स का करें इस्तेमाल!

छोटे बच्चों को चीजों की समझ नहीं होती है। वह किसी भी चीज को देखकर उसको मुंह में डालने लगते हैं। कई बार बच्चे चीजों को मुंह में डालकर निगल भी जाते हैं। अगर वह वस्तु बच्चे की फूड पाइप में फंस जाएं तो यह काफी खतरनाक होता है। अगर बच्चा कभी अचानक से कोई वस्तु या सिक्का निगल जाता है तो माता-पिता को धैर्य से काम लेना चाहिए और आराम से सोचे की ऐसा क्या करें कि निगली वस्तु बाहर आ जाए। आज हम आपको कुछ ऐसी ही टिप्स बताएंगे, जिनको आप इस्तेमाल करके बच्चे मुंह से सिक्का या अन्य वस्तु को बाहर निकाल सकते हैं।



- बच्चे को आगे की ओर झुकाएं और फिर उसकी पीठ पर 5 बार ठोंके। 5 बार सीने पर दो उंगुलियों से हल्का दबाव डालें। इस प्रक्रिया को 2-3 बार दोहराए। इससे कफ बनेगा और निगली वस्तु बाहर आ जाएगी।
- मुंह में कुछ फंस जाए तो बच्चे के पेट के ऊपरी भाग को दोनों हाथों से कसकर पकड़ें। उसको झटका देकर ऊपर की ओर उठाए।
- तेज खांसी होना गले में कुछ फंसे होने का संकेत देता है। ऐसे में खांसते रहे जब तक कफ न बन जाएं। ऐसे निगली वस्तु बाहर आ जाएगी।
- बच्चा नीला पड़ जाए और उसे सांस लेने में परेशानी हो रही है तो सांस नली में कुछ फसा है। ऐसे में तुरंत डॉक्टर के पास जाएं।




ठंड के मौसम में ज्यादातर लोग रंग-बिरंगी सब्जियों के साथ हरी मटर को काफी पसंद करते हैं। सब्जी, पुलाव, पराठे, या फिर पोहा हो ठंड के दिनों में बिना मटर के ये सब अधूरा ही लगता है। क्या आप जानते है मटर का सेवन करने से आपको कितने फायदे मिल सकते हैं। एक तो यह खाने में बहुत स्वाद लगते है दूसरा यह सेहत और सौंदर्य का अनोखा मिश्रण है। चलिए आज हम बताते है कि मटर खाने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

**मोटापा घटाएं**
मटर का सेवन करने से यह कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है और आपको मोटापे के साथ-साथ और भी कई बीमारियों से बचाता है।

**कैंसर**
इसका सेवन करने से कैंसर जैसी बीमारियों से भी आपको छुटकारा मिलता है। खासतौर पेट के कैंसर में मटर बहुत मददगार साबित होता है।

**चेहरे की समस्या**
अगर आप अपने चेहरे की झुर्रियों से परेशान हैं, तो ऐसे मे आप मटर के पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद धो लें।

**याददाश्त**
याददाश्त बढ़ाने के लिए भी मटर काफी हद तक लाभकारी है। यह आपकी स्मरण शक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

**दिल की समस्या**
मटर का सेवन करने से रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है जिससे कि दिल की बीमारी का खतरा कम होता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कैटरीना कैफ ने यूट्यूबर अमित भडाना के साथ मिलाया हाथ?





**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में बनी हुई है। जब से कैटरीना ने शादी की है उनकी पर्सनल लाइफ पर लोगो की नजरे बनी हुई है। हाल ही में करवा चौथ और दिवाली की तस्वीरें शेयर कर एक्ट्रेस ने फैंस का दिल जीत लिया था। वही, अब कैटरीना अपनी अपकमिंग फिल्म 'फोन भूत' के प्रमोशन में काफी बिजी है। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। हाल ही में कैटरीना अपनी फिल्म को प्रमोट करने सलमान खान के शो बिग बॉस में भी पहुंची। इस दौरान वो सलमान के साथ खूब मस्ती भी करने वाली है। लेकिन इसी बीच अब एक्ट्रेस को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। कैटरीना की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे है। जिसमे वो एक खास शख्स के साथ नजर आ रही है। आपको बता दे, कैटरीना के साथ इस तस्वीर में दिखाई दे रहा ये शख्स एक फेमस यूट्यूबर है। ये फोटो खुद एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर की है, साथ ही अपने फैंस के लिए एक बड़ी अनाउंसमेंट की है। आपको बता दे, ये फेमस यूट्यूबर अमित भडाना है। जिनके साथ कैटरीना ने अपने अगले प्रोजेक्ट की अनाउंसमेंट की है। एक्ट्रेस के मुताबिक बहोत जल्द ये दोनों साथ में, किसी नए और मजेदार प्रोजेक्ट में दिखाई देने वाले है। अब सबके दिल में इस वक्त यही सवाल है कि आखिर ये प्रोजेक्ट क्या है और कब और कहा दिखाई देने वाला है?

# गंभीर बीमारी से जूझ रही अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभ




**सामंथा रुथ प्रभु** ने इंस्टग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की है जिसमें वो हॉस्पिटल के बेड पर बैठी हुई नजर आ रही है। इस फोटो को शेयक करते हुए अदाकारा ने कैप्शन में लिखा, यशोधा ट्रेलर के लिए आपकी प्रतिक्रिया जबरदस्त थी। यह प्यार और कनेक्शन है जो मैं आप सभी के साथ साझा करती हूं। आपका प्यार ही मुझे लाइफ में आने वाली अनगिनत चुनौतियों से निपटने की ताकत देता है। कुछ महीने पहले मुझे पता चला कि मैं मायोसाइटिस नामक एक ऑटोइम्यून कंडीशन डायग्नोस की गई हूं। सामंथा ने आगे कहा, जैसा कि मुझे लगा था कि ये बीमारी जल्द ठीक हो जाएगी और मुझे इतनी तकलीफ नहीं होगी लेकिन मुझे उम्मीद से थोड़ा ज्यादा समय लग रहा है। मैं धीरे-धीरे महसूस कर रही हूं कि हमें हमेशा अपनी मजबूत साइड दिखाने की जरूरत नही है। इस बात को स्वीकार करना भी किसी संघर्ष से कम नहीं है। उन्होंने कहा, डॉक्टरों को भरोसा है कि मैं बहुत जल्द पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगी। मेरे अच्छे दिन और बुरे दिन रहे हैं...फिजिकली और इमोशनली रूप सेड्ढऔर यहां तक कि जब यह ऐसा लगता है कि मैं इसका एक और दिन नहीं संभाल सकती, किसी तरह वह पल बीत जाता है। मुझे लगता है कि इसका मतलब केवल यह हो सकता है कि मैं ठीक होने के करीब एक दिन और हूं। आई लव यू...। बता दें कि मायोसाइटिस का मतलब होता है जब मसल्स यानी मांसपेशियों में दर्द और सूजन आ जाती है।



# बोनी ने सलमान को नो एंट्री के सीक्वल से किया बाहर?





**नो एंट्री** के सीक्वल का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं फैंस अब फिल्म में सलमान खान को नहीं देख पाएंगे। वैसे दावा तो यही किया जा रहा था कि फिल्म अपने ओरिजिनल स्टार कास्ट के साथ लौटेगी। लेकिन फिर बाद में ये खबरें भी सामने आई कि कानूनी पचड़ों की वजह से इस फिल्म पर रोक लगा दी गयी है, लेकिन अब एक नई खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स की माने तो, सलमान खान और बोनी कपूर के बीच अनबन के चलते प्रोड्यूसर ने सलमान के बिना ही नो एंट्री का सीक्वल बनाने का फैसला किया है। खबर तो ये भी है कि फिल्म का पूरा काम सही चल रहा था, लेकिन बाद में सलमान खान ने इच्छा जाहिर की, कि वो फिल्म का पूरा प्रोडक्शन संभालना चाहते हैं। जी हां, जब सलमान ने 'नो एंट्री में एंट्री' के प्रोडक्शन पर पूरी तरह अपना कंट्रोल करने की इच्छा जाहिर की तो फिल्म के प्रोड्यूसर बोनी कपूर उनकी इस शर्त से सहमत नहीं हुए। सलमान के इस फैसले के चलते बोनी और उनके बीच अनबन हो गई और बोनी ने उन्हें अपनी फिल्म से ही निकाल दिया।